Publication: Veer Arjun
Date: 18/11/2015
Edition: New Delhi
Page No: 2
Headline: Rukmini Devi Public School wins in TCS IT Wiz 2015 in Delhi edition

टीसीएस आईटी विज 2015 के दिल्ली संस्करण में रुक्मिणी देवी स्कूल विजेता घोषित

नई दिल्ली (वीअ)। जानी-मानी आईटी सर्विस, कंसल्टिंग एवं बिजनेस सॉल्यूशंस सेवा प्रदाता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित भारत की सबसे बड़ी इंटर स्कूल क्विज टीसीएस आईटी विज में दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के 700 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। टीसीएस के दिल्ली संस्करण का आयोजन शनिवार सात नवम्बर को फिक्की ऑडिटोरियम, फैडरेशन, तानसेन मार्ग में किया गया। टीसीएस आईटी विज में आठवीं से 12वीं में पढ़ने वाले हाई स्कूल के छात्रों को आमंत्रित किया गया था। क्विज में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क भी नहीं रखा गया। पांच दौर में आयोजित क्षेत्रीय फाइनल मुकाबलों के बाद रुक्मिणी देवी स्कूल के सार्थक सचदेवा और उदित कालरा ने विजेता का खिताब जीता। इन विजेताओं को आईपैड एयर दिया गया जबकि उपविजेता रहे मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड के पावस भसीन और अयान मरवाह को आईपैड मिनी (प्रत्येक) प्रदान किए गए। इसके साथ उन्हें मेडल और विशेष रूप से तैयार की गई ट्रॉफी भी दी गई। प्रारंभिक लिखित दौर के बाद रीजनल फाइनल दौर में पहुंचने वाले अंतिम छह प्रतियोगियों को भी टीसीएस की ओर से पुरस्कार के तौर पर लैपटॉप बैग, हैडफोन, ब्लूटूथ के साथ सेल्फी स्टिक और यूएसबी पैन ड्राइव दी गई। पुरस्कारों का वितरण श्री देबाशीष घोष, प्रेजिडेंट मैन्यूफैक्चरिंग, लाइफ साइंसेज एंड एनर्जी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने किया।